पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग उत्तर प्रदेश

# इलेक्ट्रिक वाहनों पर सब्सिडी के लिए ₹50 करोड़ स्वीकृत

**लखनऊ : 21 अगस्त, 2026**

उत्तर प्रदेश सरकार ने वित्तीय वर्ष 2026—27 में इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने के लिए ₹50 करोड़ की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। यह धनराशि परिवहन विभाग के बजट में इलेक्ट्रिक वाहनों पर सब्सिडी के लिए निर्धारित मद से खर्च की जाएगी।

सरकार के इस निर्णय का उद्देश्य प्रदेश में ई—मोबिलिटी को प्रोत्साहन, प्रदूषण में कमी तथा पेट्रोल—डीजल पर निर्भरता घटाना है। सब्सिडी मिलने से नागरिकों को इलेक्ट्रिक वाहन अपनाने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा और प्रदेश में स्वच्छ एवं पर्यावरण अनुकूल परिवहन व्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा।

शासन ने स्वीकृत धनराशि का उपयोग निर्धारित वित्तीय नियमों एवं योजना की गाइडलाइंस के अनुसार करने तथा धनराशि का आहरण केवल आवश्यकता के अनुरूप करने के निर्देश दिए हैं। संबंधित विभाग को योजना में पारदर्शिता, वित्तीय अनुशासन और धनराशि के समुचित उपयोग को सुनिश्चित करने को कहा गया है।

₹50 करोड़ की यह स्वीकृति उत्तर प्रदेश में हरित परिवहन और इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को गति देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

---

**सम्पर्क सूत्र**—आशीष सिंह

**वैशाली माथुर/02:52 PM**

फोन नम्बर Direct : 0522—2239023 ई0पी0बी0एक्स0 : 0522—2239132,33,34,35 एक्सटेंशन : 223 224 225
फैक्स नं0 : 0522—2237230 0522—2239586 ई—मेल : upsoochna@gmail.com,
वेबसाइट :www.information.up.gov.in